हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 सपनों का घर बनाने का हुनर सिखा रहा एसबीआई आरसेटी





13 तहसीलदार की हड़ताल से काम काज ठप




## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों की बैठक आज

**बेमेतरा।** निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया से पहले 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में 6 अगस्त की पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर चर्चा की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सहयोग सुनिश्चित करने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को बैठक में भेजकर सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक मे निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में राजनीतिक दलों की सहभागिता एवं सहमति सुनिश्चित की जाएगी।

### हथियार लेकर घूमने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल पुलिस थाने की पेट्रोलिंग के दौरान सूचना पर टीम पहुंची। जहां तीन तालाब लक्ष्मी चैक से.11 निवासी हेमंत कुमार जोशी नामक युवक अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू रखा था। शीतला तालाब के पास छावनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर आने जाने वालों को धमका रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आरोपी के पास से धारदार हथियार चाकू जब्त किया।

### मोबाइल और नकद लूटने वाले दो आरोपी गए जेल

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आजाद चौक राम नगर वैशाली नगर निवासी दीपक कुमार त्रिपाठी ने जामुल पुलिस में शिकायत किया। जिसमें देवपाल पर्वत का दोस्त फोन कर शंकराचार्य अस्पताल जाने की बात कहकर दोनों साथ गए। पहले गोकुलधाम लेकर दोस्त आया जहां पहुंचने पर पहले से ही देवपाल पर्वत खड़ा था। धमकी देते हुए इसके पास रखा मोबाईल, नगदी 6 हजार रुपये को लूट लिया।

### मोबाइल शॉप से 85 हजार का सामान पार

**भिलाई।** मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर मंहगे मोबाइल समेत अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। उतई पुलिस ने बताया कि सेलूद चौक में योगेश मोबाईल शॉप है। जिसका संचालक ग्राम घुघुवा निवासी योगेश साहू है। 1-2 अगस्त की दरम्यानी रात अज्ञात ने शॉप का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। शॉप से 11 मोबाइल फोन को चोरी कर फरार हो गया।

# विधायक की पहल : छात्रों के लिए सपनों की उड़ान का शुभारंभ

## प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगा एक लाख रुपये तक का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतर

विधायक दीपेश साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विधायक फेलोशिप कार्यक्रम सपनों की उड़ान का शुभारंभ किया। यह आयोजन श्रीराम एकेडमी बेमेतरा में हुआ, जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों छात्र-छात्राएं, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक साहू ने प्रथम पंजीयन फॉर्म भरवाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार रुपये, तृतीय स्थान वाले को 31 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को 5,100 रुपये का प्रोत्साहन मिलेगा।शीर्ष एक सौ प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और शील्ड प्रदान की जाएगी। शीर्ष दो सौ प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। पंजीयन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होकर 30 अगस्त तक चलेगी।

फेलोशिप कार्यक्रम छात्रों को नई ऊर्जा और लक्ष्य प्रदान करेगाः अब यह फेलोशिप कार्यक्रम छात्रों को नई ऊर्जा और लक्ष्य प्रदान करेगा। मेरा सपना है कि हर गांव से एक भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय पुलिस सेवा का अधिकारी निकले, और यह तभी संभव होगा जब हम शिक्षा को प्राथमिकता दें। इसी सोच के साथ मैं स्वयं छात्रों का नामांकन कर रहा हूं। कार्यक्रम ▸▸| शेष पेज 13 पर



### शिक्षा को मिलेगी नई दिशा : विधायक

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें केवल उचित मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं शिक्षक के रूप में अपने जीवन की शुरुआत की थी, इसलिए शिक्षा का महत्व भली-भांति जानते हैं। इसी सोच के साथ इस फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि श्रीराम एकेडमी के माध्यम से पहले से ही निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में देखने को मिला है।

## कार्रवाई

### जांच के बाद खाद्य विभाग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# मिठाई दुकानों की जांच में छह नमूने मिले अमानक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रक्षाबंधन एवं आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मिलावटखोरी और खराब खाद्य सामग्री पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है। इस अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से बेरला विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

- त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर सख्ती बरतने की जा रही जांच पड़ताल

इस विशेष जांच अभियान के दौरान मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, गुपचुप सेंटर आदि प्रतिष्ठानों से कुल 68 खाद्य नमूने संकलित किए गए। प्रारंभिक परीक्षण में से 6 खाद्य नमूने अवमानक पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जिन प्रतिष्ठानों से अवमानक नमूने मिले हैं उनमें बीकानेर स्वीट्स – कलाकंद, काजू कतली,वासु होटल एण्ड रेस्टोरेंट – कुंदा, मिल्क केक, श्री कैफे एण्ड रेस्टोरेंट – दोसा मसाला,न्यू देवांगन भोजनालय – कुक्ड राइस। इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को आगे परीक्षण के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### खाद्य सुरक्षा को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए जिसमे अखबारी कागज का उपयोग न करें, बासी या खराब खाद्य पदार्थ न परोसें, वेज और नॉनवेज वस्तुओं को अलग-अलग कंटेनरों में रखें, मिठाइयों में केवल एफएसएसएआई से अनुमोदित खाद्य रंग का उपयोग करें, खाद्य निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल की गुणवत्ता, भंडारण, हैंडलिंग और बिक्री तक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, कार्यस्थल की सफाई और खाद्य कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि आने वाले दिनों में यह अभियान जिले के अन्य ब्लॉकों में भी जारी रहेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिलेवासियों को त्योहारी सीजन में शुद्ध, गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी तरह की खाद्य सामग्री में मिलावट या गुणवत्ता की शिकायत पाए जाने पर तुरंत खाद्य विभाग को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# डेढ़ किलो गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 01 किलो 536 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 18,500 रुपये है। इसके अलावा, गांजा बिक्री से प्राप्त रकम 600 रुपये भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित पटेल पिता शंकर पटेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 09 कोबिया बेमेतरा, राजेश वर्मा पिता शत्रुहन वर्मा, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 06 मोहभट्ठा है। सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक मयंक मिश्रा और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस प्रशासन ने समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है और स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

# कलेक्टर ने एसडीएम और तहसील निर्माणधीन कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला मुख्यालय अंतर्गत कोबीया क्षेत्र में निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार कार्यालय भवन का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की समयसीमा की विस्तार से समीक्षा की।

- कलेक्टर ने निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर



कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी संरचना, सुविधा और टिकाऊपन सर्वोत्तम स्तर की होनी चाहिए। निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को शीघ्र ही बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रकाश भारद्वाज, संबंधित विभागों के इंजीनियर, राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता मानकों का सतत परीक्षण किया जाए।

# तोरा स्कूल में अचानक छात्राएं हुईं बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

नगर के तोरा स्थित हाई स्कूल में इन दिनों अजीबोगरीब घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्कूल में डर और भ्रम का माहौल बन गया है। मंगलवार सुबह स्कूल में प्रार्थना के बाद जैसे ही छात्राएं अपनी-अपनी कक्षाओं में बैठीं, तो अचानक चार छात्राएं बेहोश हो गईं। कुछ रो रही थीं, कुछ हंस रही थीं, तो कुछ चुपचाप अचेत अवस्था में थीं। यह 15 दिनों में दूसरी बार है जब ऐसी घटना हुई है।

- डॉक्टर बोले गर्मी का कारण, कुछ लोग बाहरी हवा बता रहे

स्कूल के स्टाफ ने बिना देर किए एंबुलेंस बुलाई और छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि यह कोई अंधविश्वास नहीं, बल्कि गर्मी और उमस के कारण हुआ इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन है। डॉक्टरों के अनुसार, गर्मी में शरीर में पानी और नमक की कमी से बेहोशी और घबराहट हो सकती है। बीएमओ डॉ. एमएम रज़ा ने इसे किशोरावस्था से जुड़ी एक सामान्य मेडिकल समस्या बताया और झाड़-फूंक की जगह इलाज कराने की सलाह दी।





दूसरी ओर, ग्रामीण इस घटना को अंधविश्वास से जोड़ रहे हैं। उनका मानना है कि स्कूल के पास एक पुराने पेड़ की वजह से यह सब हो रहा है। कुछ गांववाले स्कूल में हवन-पूजा और गंगाजल छिड़कने की बात कर रहे हैं, तो कुछ बाबा को बुलाने की सलाह दे रहे हैं।

प्राचार्य चंद्रकली बंजारे ने शुरुआत में इस घटना को हल्के में लिया था, लेकिन अब दूसरी बार ऐसा होने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने शिक्षा विभाग को भी इसकी सूचना दी है। वहीं, मनोचिकित्सकों का कहना है कि यह सामूहिक मनोवैज्ञानिक असर है, जिसे सामूहिक तनाव या सामाजिक वातावरण का प्रभाव भी कहा जा सकता है। फिलहाल यह स्कूल पढ़ाई का केंद्र होने के बजाय भय, भ्रम और अंधविश्वास के बीच बहस का केंद्र बन गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस समस्या को मेडिकल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुलझाता है या फिर ग्रामीणों के दबाव में आकर धार्मिक अनुष्ठानों का सहारा लेता है।

## जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के 29 आवेदन मिले

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की । जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।



इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से वार्ड नं. 15 व 17 के समस्त मोहल्ला वासी ने वार्ड नं. 17 गौरव पथ-नवीन बाजार से सिंघौरी मार्ग की नाली सफाई कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ वार्ड नं. 13 लालबंद पारा निवासी खेलनदास कुर्रे ने अपनी पत्नी के मृत्यु उपरांत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम अमोरा निवासी रानीबाई ने आमगली को अतिक्रमण करने से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम चोरभट्ठी के समस्त ग्रामवासी ने गांव के कोटवार को हटाकर दूसरा कोटवार नियुक्ति किये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील बेरला ग्राम मनियारी निवासी रविन्द्र भास्कर चौबे ने रोजगार सहायक एवं पंचायत द्वारा कार्यवाही में नही लिये जाने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गंदगी से अटी शहर की नालियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने बेमेतरा नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता के कारण जनता की परेशानियों पर प्रकाश डाला।

- शिव सेना ने नगर पालिका प्रशासन पर लगाया निष्क्रियता आरोप, दी घेराव की चेतावनी

उनका कहना है कि वार्ड 15 में गॉड ब्राह्मण धर्मशाला से दुर्गा मंदिर तक मुख्य नाली का निर्माण लगभग 12 वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण इसका नियमित सफाई नहीं हो पाई है। इसके चलते गंदगी और मलमा भर गया है, जिससे निकासी व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। वर्तमान समय में पाइपलाइन में मलमा जाम होने से समस्या और बढ़ गई है। दाऊ राम चौहान ने मेमोरेंडम के माध्यम से जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे नगर पालिका प्रशासन को 7 दिनों के भीतर नाली की सफाई करने का निर्देश दें। यदि समय पर सफाई नहीं होती है, तो शिवसेना पार्टी घेराव करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने आगे कहा नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल समस्या को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, जैसा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा था। अब देखना यह होगा कि वे अपनी बातों पर कितना खरा उतरते हैं



## खबर संक्षेप

### निर्मला की आंखों से दो को मिलेगी रौशनी



**दुर्ग।** पद्मनाभपुर निवासी पूर्व टैक्स कंसल्टेंट हुकुमचंद बाफना की पत्नी निर्मला बाफना के निधन के पश्चात उनके नेत्रों से दो लोग दुनिया देख पाएंगे। निर्मला बाफना के निधन के पश्चात उनके पति हुकुमचंद बाफना, पुत्र विनय, विपिन एवं विकास बाफना, पुत्री विभा, बहु रेखा, ममता, संजू बाफना ने नेत्रदान की सहमति दी। जानकारी मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, राजेश पारख, जितेंद्र हासवानी, प्रभुदयाल उजाला नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की डॉ संदीप बचकर व नेत्र सहायक विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया।

### नारायण ई-टेक्नो स्कूल में अलंकरण समारोह



**भिलाई।** नारायण ई टेक्नो भिलाई में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह नवनिर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं अन्य छात्र प्रतिनिधियों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय ने भविष्य के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपने का अवसर प्रदान किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ । मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा एवं बीजेपी नेता आशीष बढ़जात्या ने छात्रों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी । समारोह में नारायण ई-टेक्नो भिलाई के प्राचार्य संतोष सरिपल्ली, क्लस्टर प्रिंसिपल अभिषेक नायडू एवं एजीएम नमन शर्मा द्वारा सभी छात्र पदाधिकारियों को कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

### सेक्टर-7 तिराहे पर स्ट्रीट लाइट छह माह से बंद

**भिलाई।** सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 7 तिराहे पर रात में व्याप्त अंधेरे के कारण लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तिराहे की स्ट्रील लाइंट करीब छह महीने से बंद है । इससे क्रास स्ट्रीट का मोड़ होने दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अंधेरे के कारण डिवाइडर दिखाई नहीं देने से बाइक सवार टकराकर गिरते रहते हैं। बारिश में झाड़ियों से निकलकर सड़क पर रेंगने वाले सांप भी दिखाई नहीं देते हैं। इस रोड पर रात 11 बजे तक आवाजाही बनी रहती है।

### नंदिनी पुलिस के जवानों ने की मारपीट

**भिलाई।** नंदिनी पुलिस के दो जवानों ने युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की शिकायत युवक ने थाना प्रभारी को लिखित में किया है। अहिवारा निवासी प्रशांत सिंह नामक युवक घर पर खाना खा रहा था।

---

**लापरवाही :** जनदर्शन में शिकायत के बाद पूरे मामला का खुलासा, पीड़ित ने प्रधानमंत्री से भी की शिकायत

# इंटकवेल की जगह को लेकर बखेड़ा, जिस प्रयोजन के लिए जगह ली, उसका नहीं किया उपयोग, बाद में बना दी पुष्पवाटिका

**निगम पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ का लगा आरोप, मुआवजा तक नहीं दिया गया, अब होगी नए सिरे से जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल आवर्धन योजना को लेकर महमरा एनीकट के करीब अधिग्रहित की गई जमीन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस क्षेत्र में नगर निगम दुर्ग ने इंटकवेल और पेयजल से जुड़ी पाइपलाइन बिछाए जाने के नाम पर जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया, उस जमीन के एक बड़े हिस्से का उपयोग ही नहीं किया गया। वर्तमान में इस जमीन का एक बड़ा हिस्से में पुष्पवाटिका का निर्माण हो गया। इसे लेकर आपत्ति की गई है।

आपत्ति ब्राह्मण पारा निवासी नारायण शर्मा ने की है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत जनदर्शन में की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मामले में निष्पक्ष जांच कर जमीन का अधिकार दिलाए जाने की मांग की है। बता दें कि यह पूरा मामला वर्ष 1988 का है। इस मामले में शिकायतकर्ता का आरोप है कि नगर निगम दुर्ग ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अधिकार प्राप्त किया। इसे लेकर मुआवजा भी नहीं दिया गया। वर्तमान में इस जगह पर कई अन्य निर्माण किए गए हैं। साथ ही नए कार्यों को लेकर योजना भी तैयार की जा रही है। इस पर यह पूरी आपत्ति लगाई गई है।

#### अधिग्रहित भूमि के आधे हिस्से में ही पेयजल का सेटअप

जानकारी के मुताबिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 1988 को भेजे गए पत्र क्र. 575 में जिन भूमि खसरा नंबरों का उल्लेख किया गया है, उनमें उनके दादा की भूमि शामिल नहीं है। उक्त पत्र में खसरा नंबर 381, 382, 383/1 और 383/3 को परियोजना हेतु आवश्यक बताया गया है, जिन पर ही निर्माण कार्य (इंटक वेल, विद्युत उपकेन्द्र आदि) हुआ है। निगम ने बाद में 23 जुलाई 1988 को भेजे गए पत्र में कूट रचना करते हुए उनके दादा की भूमि को भी परियोजना की प्रावधानित भूमि बताकर अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल किया गया, जबकि उस पर कोई निर्माण नहीं हुआ था।, न ही किसी प्रकार का हस्तांतरण हुआ। इस मामले में निष्पक्ष जांच हो। उन्होंने विधायक गजेंद्र यादव से भी मांग है कि इस मामले को विधानसभा में रखे, ताकि सही जानकारी उपलब्ध हो सके।



**फिलहाल जानकारी नहीं यदि ऐसा कुछ है तो जांच होगी**



फिलहाल इस बारे में जानकारी नहीं है, यदि ऐसा कुछ है तो उसकी जांच होगी। मामला काफी पुराना है, इसलिए स्पष्ट जानकारी नहीं है। शिकायत का परीक्षण करने के बाद इसमें निर्णय लिया जाएगा। यदि अधिग्रहण की प्रक्रिया हुई है, तो मुआवजा भी तय हुआ होगा। अवार्ड भी पारित हुआ होगा।
**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

#### जानिए क्या है पूरा मामला

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वर्ष 1988 में जल प्रदाय परियोजना हेतु की गई भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की गई। उस समय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने करीब 5 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया। जमीन का अधिग्रहण इंटकवेल और जल आवर्धन योजना के अंतर्गत अन्य निर्माण के लिए किया गया, लेकिन जमीन का उपयोग सिर्फ ढाई एकड़ किया गया। नारायण शर्मा ने बताया कि उनके दादा स्व. बालाराम शर्मा के नाम पर दर्ज कृषि भूमि (खसरा नंबर 375/1 एवं 378, कुल रकबा 0.694 हेक्टेयर) का अधिग्रहण किया गया था। इस जमीन का उपयोग नहीं हुआ। बाद में कूटरचित तरीके से बगीचा जोड़कर अधिग्रहित किया जाना बताया गया, जबकि पीएचई के रिकार्ड में इसका उल्लेख नहीं है। इस प्रकार रिक्त जमीन पर 2005 में पुष्प वाटिका का निर्माण किया गया। वर्तमान इस भूमि का मुआवजा भी नहीं दिया है।

---

# आर्थिक तंगी से जूझ रहा निगम और मेयर बाघमार मना रहीं सावन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग द्वारा 2 और 3 अगस्त को मनाए गए सावन तिहार को लेकर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। इसे लेकर कांग्रेस और विपक्षों दलों के पार्षदों ने दुर्ग महापौर अल्का बाघमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि नगर निगम दुर्ग पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। विकास कार्यों के लिए एक ढेला नहीं है। जरुरत के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच महापौर सावन तिहार बना रही हैं। इसमें भी पूरे कार्यक्रम का राजनीति करण किया गया। कार्यक्रम में सिर्फ भाजपा के पार्षद, कार्यकर्ता और नेता नजर आए। कोहले ने बताया कि सड़क पानी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा देने के मामले में निगम की भाजपाई परिषद पूरी तरह फेल हो चुकी है। सफाई की योजना फेल हो चुकी है। निगम के दो-दो भवन होने के बावजूद प्राइवेट भवन में कार्यक्रम कराया गया। नगर उत्थान की राशि स्वीकृत हुई है, यह कार्य पूर्व परिषद द्वारा स्वीकृत कराया जा चुके हैं।

- नेता प्रतिपक्ष कोहले और कांग्रेसी पार्षदों ने लगाए आरोप

#### धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर बना डंपिंग यार्ड

संजय कोहले ने कहा सुराना कॉलेज के सामने और धमधा रोड के दोनों एसआरएलएम सेंटर डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। सैकड़ों टन कचरा डंप हो रहा है। धमधा नाका की हालत यह है कि यहां की दीवार ढह गई। कचरा सड़क पर फैल रहा है। बारिश होने पर कीचड़ी और उठती बदबू से लोग परेशान हैं। शहर के स्ट्रीट लाइट बंद पड़े हैं। कहीं कोई देखने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

---

# जल निकासी बाधित गांव में जलभराव से बीमारी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 105 आवेदन प्राप्त हुए।

- मांगों एवं समस्याओं के 105 आवेदन मिले

इसी तरह ग्राम गोंडपेंड्री के किसानों एवं ग्रामवासियों ने जल निकासी रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की। ग्राम गोंडपेंड्री तहसील पाटन के किसानों ने बताया कि खदान मालिक द्वारा जल निकासी का रास्ता बंद कर दिए जाने के कारण लगभग 70 एकड़ कृषि भूमि पर फसलें बर्बाद होने की स्थिति में हैं। जल निकासी रास्ता बंद करने से गांव की बस्ती में पानी भरने से मौसमी बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। इस दौरान नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। जनदर्शन कार्यक्रम में ग्राम सभा नंदकट्ठी एवं ग्रामवासियों ने बताया कि गांव की शासकीय चारागाह भूमि पर कुछ किसानों द्वारा धान और सब्जी की फसल बोई जा रही है, जिससे मवेशियों के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। चरवाहों ने पशुओं को चराने से इनकार कर दिया है, जिसके चलते मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



#### चर्म रोग विशेषज्ञ की मांग

दुर्ग निवासी ने जिला चिकित्सालय में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति करने व कैथ लैब की व्यवस्था के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने एवं कैथ लैब के अभाव में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ितों को निजी क्लीनिकों में जाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

---

# ग्रंथों ने लोगों को ज्ञान, विज्ञान, प्रेम और मोक्ष प्राप्ति की दिशा दिखाई : सुषमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- कन्या कॉलेज में व्यास पूजा का आयोजन



इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में भारतीय ज्ञान परम्परा से परिचित कराने के लिए वैदिक ज्ञान एवं महाकाव्य की प्रासंगिकता को समझने के लिए व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विद्यार्थी विषय ज्ञान के साथ अपने संस्कार को भी समझे तथा वेद व्यास द्वारा रचित ग्रंथों एवं महाकाव्य आदि का अध्ययन कर नैतिक गुणों का विकास करें।

डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि महर्षि वेद व्यास द्वारा निर्देशित एवं संग्रहित ग्रंथों ने लोगों को ज्ञान,



विज्ञान, प्रेम और मोक्ष प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। वेद व्यास ने वेदों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा की नींव रखी। उस ज्ञान को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। डॉ. ऋतु दुबे ने कहा महर्षि वेद व्यास (कृष्ण द्वेपायन) का विस्तृत जीवन परिचय देते हुए महाभारत की रचना का प्रसंग प्रस्तुत किया। गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए रामायण का प्रसंग प्रस्तुत किया और रावण का उदाहरण देते हुए बताया की राम के गुरु बनकर किस तरह अपने दायित्वों का निर्वाह किया। गुरु को हमेशा शिष्य के प्रति एवं शिष्य को गुरु के प्रति समर्पित होना चाहिए इस अवसर पर निधि देशमुख, कुमारी कविता मालेकर, ट्विंकल साहू, कृष्णा साहू ने अपने विचार प्रस्तुत किया। संचालन कुमारी हर्षिता ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

---

# दोगुना जमा करना होगा बिल, भाजपा का असली चेहरा उजागर : राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल हाफ योजना में भाजपा सरकार ने बदलाव किया है। इस संबंध में ऊर्जा विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

आदेश के अनुसार केवल 100 यूनिट तक के बिजली बिल मे ही बिजली बिल आधा का प्रावधान कर दिया है, जो 1 अगस्त 2025 से लागू भी कर दिया गया है। इसे लेकर कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। बीजेपी की सरकार जनता को ठगने के नए-नए हथकंडे अपनाती है। बिजली का उत्पादन सरप्लस है, तो इसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को आखिर क्यों नहीं मिल रहा? कोयला हमारा, पानी हमारा और जमीन भी हमारी, फिर हमें ही बिजली ऊंचे दामों पर क्यों बेची जा रही है, जब से प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी है, बिजली के दाम बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस शासन में 65 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत दी थी। एक माह में बिजली का दूसरा झटका पहले किसानों और आम उपभोक्ताओं को और अब सारे बिजली उपभोक्ता अतिरिक्त भार भाजपा ने बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्य की जनता को नया भार देकर भाजपा ने अपना जनविरोधी चेहरा दिखा दिया। राकेश ठाकुर ने कहा कि इस विषय को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाएगी। प्रदर्शन करेगी। भाजपा सरकार से मांग करेगी कि पूर्व की तरह हाफ बिजली योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाए।

---

# जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर आप ने लगाए अनदेखी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सहित दुर्ग जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। लगातार भ्रष्टाचार हो रहे हैं। शिकायत और कार्रवाई के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं है।

- फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर का इलाज नहीं हो पाने का आरोप

प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रदेश की खस्ताहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और भाजपा सरकार के आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति गैरजिम्मेदार रवैए पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर दी है। उनका कहना है कि प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल अंबेडकर अस्पताल में 80 करोड़ की मशीनें ख़राब पड़ी हैं। दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों को सर्जरी नहीं हो पा रही है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा दुर्ग जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव और मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कई सरकारी अस्पतालों में स्थाई डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। आवश्यक दवाएं एवं जीवनरक्षक औषधियों की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही है। अस्पतालों की इमारतें जर्जर हो चुकी हैं। साफ-सफाई की व्यवस्था अत्यंत खराब है। आपातकालीन सेवाओं हेतु एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जांच हेतु आवश्यक उपकरण जैसे एक्सरे, ईसीजी, लैब टेस्ट तक प्रभावित हैं। इसी मामले में मई 2025 में बिलासपुर हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं पर संज्ञान लिया था। मरीजों को हो रही परेशानी को मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से संज्ञान लिया था लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया।

#### डेंगू, पीलिया का बढ़ रहा प्रकोप नहीं दिया जा रहा है ध्यान

प्रदेश महासचिव ने का कि राज्य में ज्यादातर जगह पर डेंगू बुखार, पीलिया का प्रकोप विकराल हो जाता है बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार नहीं है। जिले मे जानलेवा बीमारी जैसे पीलिया डेंगू, टाइफाइड जैसी बीमारियों ने महामारी जैसा रूप अख्तियार कर रही हैं। इस पर स्वस्थ विभाग की लापरवाही की हद को देखिये गार्ड टांके और पट्टी लगा रहा है। डॉक्टर की जगह नर्से इलाज कर रही हैं स्वस्थ मंत्रालय और विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

---

**एक्रेडिटेशन साल 2028 तक रहेगा मान्य, मध्य भारत के चुनिंदा शहरों में ही मान्यता**

# आरसीईटी के सीएस और आईटी को मिली एनबीए की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) ने रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की मान्यता (एक्सटेंड) बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि हमारे विद्यार्थियों को मिलने वाली डिग्री की मान्यता अब सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी। रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस और आईटी ब्रांच को एनबीए की मान्यता दी गई है। अब एक्रेडिटेशन साल 2028 तक मान्य रहेगा। मध्य भारत के चुनिंदा इंजीनियरिंग कॉलेजों को ही एनबीए की मान्यता है, जिसमें रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग एक है। एनबीए से ब्रांच एक्रेडिटेड होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती है।

- बढ़ गई अंतरराष्ट्रीयस्तर पर नौकरियों की संभावना

#### सीधे तौर पर छात्रों को फायदा

देश की नामी शैक्षणिक संस्थानों को जिस तरह नैक से ग्रेड हासिल करना जरूरी है उतनी ही जरूरी एनबीए भी है। जिससे सीधे तौर पर विद्यार्थियों को फायदा होता है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान आई नामी मल्टीनेशनल कंपनियां एनबीए एक्रेडेट को विशेष तरजीह देती है। कुछ कंपनियों ने तो इसे अनिवार्य भी कर दिया है। बता दें कि सीएस और आईटी ब्रांच की प्रयोगशाला, अनुभवी प्रोफेसर्स, प्रोजेक्ट, रिसर्च हब जैसे दर्जनों मापदंडों को पूरा करने के बाद ही एनबीए ब्रांच को एक्रेडिटेशन देता है। इस उपलब्धि पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा व कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने हर्ष व्यक्त किया।



#### क्या होती है एनबीए की मान्यता?

एनबीए एक स्वतंत्र संस्था है जो भारत में तकनीकी पाठ्यक्रमों बीटेक, एमटेक आदि कोर्स की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के साथ उसे मान्यता देती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई प्रोग्राम शैक्षणिक और उद्योग मानकों के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाला है या नहीं। एनबीए की मान्यता दर्शाती है कि उस कॉलेज का पाठ्यक्रम, फैकल्टी, लैब्स, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि उच्च गुणवत्ता के हैं। एनबीए एकमात्र भारतीय संस्था है जो वॉशिंगटन एकॉर्ड का हिस्सा है। इसका मतलब है कि जिन छात्रों की डिग्री एनबीए से मान्यता प्राप्त कॉलेज से है, उनको अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में नौकरी और आगे की पढ़ाई में आसानी होती है।

---

# कल्याणी संस्था ने दिव्यांगजन एवं वृद्धजन को किया सहायक उपकरण का वितरण



**भिलाई।** कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन भिलाई द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेक्टर हेड क्वार्टर दुर्ग, सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी विपुल मोहन बाला तथा विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश कमांडेंट, बीएसएफ, विनोद अधिकारी, सेकंड इन कमांडेंट समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक, अखंड प्रताप गौतम और समाज सेवक आशीष उपस्थित रहे। कल्याणी निदेशक अजय कल्याणी ने स्वागत उद्बोधन में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी औरबीएसएफ द्वारा किए गए सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### बीएमएस का मना स्थापना दिवस

**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर भिलाई इस्पात मजदूर संघ कार्यालय, सेक्टर-6 में का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने यूनियन को मजबूत करने और मजदूरों के हितों के लिए काम करने के संकल्प को दोहराया। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू सहित अन्य पदाधिकारियों ने यूनियन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन और उनके श्रमिक हितैषी विचारों पर प्रकाश डाला। बताया कि स्व. ठेंगड़ी संगठन की स्थापना की गई थी, जो आज देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन बन चुका है। वक्ताओं ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के मूल उद्देश्यों, स्वदेशी, श्रम-सम्मान और राष्ट्रनिर्माण पर चर्चा की और सभी श्रमिकों से आवाहन किया कि वे संगठन की एकता को बनाए रखते हुए श्रमिक हितों के लिए सजग और संगठित रहें। इस अवसर पर बीएमएस के उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा,डिल्ली राव आदि उपस्थित थे।

### निगम एवं गौसेवकों का कोसा नगर गोठान में संयुक्त पौधारोपण

**भिलाई।** कोसा नगर गोठान में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के उपस्थिति में नगर निगम भिलाई टीम एवं गौ सेवकों के द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया । नगर निगम उद्यान विभाग एवं श्री राधा कृष्णा गौ सेवा संघ द्वारा सुरक्षा का पूर्णतः इंतजाम करते हुए 8 से 10 फीट के बड़े पौधों का रोपण किया गया है। सुरक्षा हेतु सीमेंट पोल स्थापित कर चैन लिंक फेंसिंग कराया गया है । वृक्षारोपण हेतु वातावरण एवं क्षेत्र के अनुकूल प्रजातियों का चयन किया गया है । 80 रोपित पौधों में मुख्य रूप से पीपल, आम, नीम, बादाम, गुलमोहर, कदंब एवं महोगनी है। पशुओं को छाया प्रदान करने के लिए यह पेड़ बहुत फायदेमंद रहेगा और वातावरण भी अनुकूल रखेगा।

### गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** नवरात्र पर्व की तैयारी के विषय को लेकर गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति पुरानी गंजमंडी गंजपार की बैठक की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 एवं 26-27 हेतु नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि पिडियार ने संरक्षक मंडल के दिशा-निर्देश पर यह कार्यकारणी का गठन किया। संरक्षक कमलनारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरीया, संतोष रूंगटा, संजय रुंगटा, चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार दुबे, शालिग्राम दुबे, किशोर जैन एवं विनीत जैन ने कार्यकारणी का अनुमोदन किया। संयोजक नवल अग्रवाल, शैलेष तिवारी, विवेक मिश्रा, मुकेश राठी बनाए गए। इसके अलावा अध्यक्ष रवि पिडियर, महासचिव मनोज शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मिश्रा रिचू, अमित यादव, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र (जित्तू) राठी, नितिन रुंगटा, अमित बंछोर, आशीष सेक्सरिया, सह सचिव ऋषि साहू, सहित कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

पेज 11 का शेष

### विधायक की ....

में उपस्थित पत्रकारों ने इस पहल की सराहना की। सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि विधायक दीपेश साहू ने युवाओं की भावनाओं को समझते हुए एक ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम उठाया है। मात्र नौ माह में श्रीराम एकेडमी के दो छात्रों ने राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त कर कोचिंग की गुणवत्ता को सिद्ध किया है। इस अवसर पर संजय दुबे, कोमल सिंह राजपूत, योगिता साहू, अरुण कुमार, अरुण पुरैना, ईश्वर सिंह राजपूत, सुफल मानिकपुरी, योगेश राजपूत, ममता ग्वालवंशी, उमाशंकर दिवाकर, सुरेंद्र मैड़ी धिवर, मोहन पटेल, युवराज पटेल, परमेश्वर यादव, हिमाचल शर्मा, लाल सिंह ठाकुर, अजीत सिंह राजपूत, ताम्रध्वज साहू, भारत चतुर्वेदी, तोमेश्वर खरे, ओमकार सियान तथा श्रीराम एकेडमी के शिक्षक वाई डी साहू, दिलीप मंथन, भूषण साहू, लिकेश साहू, स्मिता सिंह, पम्पी साहू, मनीष वर्मा, मोहित निषाद, गोपी निषाद सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# हाईवे पर बैठे मवेशियों के मालिकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 36 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल हाइवे पर मवेशियों के झुंड में बैठे रहने और टहलने के चलते लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक अभियान चलाया है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा हाइवे किनारे बैठे मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधी जा रही है। इसके साथ ही उन मवेशियों के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर मवेशियों की आवाजाही को देखते सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। अभियान के तहत हाइवे पर पाए गए मवेशियों को रिफ्लेक्टर युक्त बेल्ट पहनाए जा रहे हैं। इससे रात के समय तेज गति से चलने वाले वाहनों को दूर से ही मवेशी दिखाई दे रहे हैं। इससे यह देखा गया कि मवेशियों से होने वाले हादसों में भी कमी आई है। अब पुलिस ने लापरवाह मवेशी मालिकों के खिलाफ भी सख्ती करनी शुरू कर दी है। पुलिस सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के मालिकों का पता कर उनके खिलाफ 152 बीएनएस की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अब तक 36 मवेशी मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर चुकी है।

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान, मवेशी मालिकों के खिलाफ 152 बीएनएस के तहत कार्रवाई

### निगम के सहयोग से मवेशियों को भेजा जा रहा सुरक्षित स्थान

मवेशियों के रात में इधर उधर सड़क में बैठने से लोग उनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने निगम का सहयोग लेकर मवेशियों को सड़क से दूर सुरक्षित स्थान में भेजना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही मवेशियों के मालिकों की पहचान की जा रही है। इसके बाद संबंधित थाना क्षेत्र में उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सबसे अधिक समस्या दुर्ग-भिलाई क्षेत्र, टेडेसरा रोड, पुलगांव बायपास, रिसाली, नेहरू नगर मुख्य मार्ग, सुपेला चौक, वैशाली नगर रोड, स्मृति नगर मेन रोड, ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य प्रमुख, व्यस्त मार्गों पर देखने को मिल रही है।



### दो हजार मवेशी पर बेल्ट

ट्रैफिक पुलिस अब तक 2 हजार से अधिक मवेशियों के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट लगा चुकी है। जिससे रात को आने जाने वाले वाहनों को मवेशी होने की जानकारी मिल सके। सड़क हादसे को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। 23 जुलाई से अब तक बेल्ट मवेशियों को लगाया गया है। मवेशी मालिकों को पहले समझाइश भी दी गई थी कि मवेशियों को सड़क पर खुला ना छोड़े, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया, इससे अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई है।

**आयोजन :** कलामंदिर में भिलाई महिला समाज के 68वें स्थापना समारोह

# सामाजिक सरोकार में महिलाएं अग्रणी अंदर की शक्ति को पहचानें: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हर्ष और उल्लास का माहौल... सढ़सठ साल की सेवा, समर्पण, स्वावलंबन और संघर्ष के सामाजिक अभियान की याद दिलाते गर्वभरे लम्हे और हौसला बढ़ाती फौलादी नारी शक्ति। इसके बीच इंद्रधनुषी प्रतिभा से भावविभोर करने के साथ खुशियां बांटतीं वनिताएं....।

महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में सोमवार को ऐसा ही खुशनुमा नजारा था। यादगार अवसर था भिलाई महिला समाज के 68 वें स्थापना दिवस समारोह का। इस अवसर पर उत्साह और खुशी से लबरेज वातावरण में समाज की महिलाओं ने गरीब महिलाओं की मदद और भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मवीरों के लिए उपयोगी सामग्री बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। महिला समाज के स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रोफेसर (डां.) लवली शर्मा थीं और अध्यक्षता महिला समाज की उपाध्यक्ष स्मिता गिरी ने की। इस अवसर पर मंच पर समाज की उपाध्यक्ष गण प्रणोती मुखोपाध्याय ,मौली चक्रवर्ती,छवि निगम, पूनम कुमार, आशा रानी, रेणुका रविंद्रनाथ व महासचिव सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष शिखा जैन और सहकोषाध्यक्ष रेखा तिवारी, सह सचिव दीपान्विता तिवारी भी उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि डां. शर्मा ने अपने उदबोधन में महिला समाज को वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश और समाज में महिलाएं बहुत सशक्त हैं। वे हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर विकास में सक्रिय भागीदारी निभार रही हैं। संगीत के एक ही वावतारण में व्यस्त रहने के कारण मेरे जीवन का आज पहला अनुभव है, जहां इतनी अधिक सेवाभावी महिलाएं उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अंदर की ताकत और प्रतिभा को पहचानने की जरुरत है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, क्योंकि सामाजिक सरोकार से जुड़ने के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। प्रसिद्ध सितारवादिका प्रो. शर्मा ने ,जन्म देने वाले इतना तो बोल रे, तन की तो खोली मन की तो खोल रे .. अपने गीत की पक्तियां सुनाते हुए नारी की सुंदरता व प्रतिभा पर कवि बिहारी की कविता संदर्भित की जिसमें, नवाइन दुल्हन की सुंदर एड़ियों को देख सोचती है कि इसमें महावर लगाने की जरुरत है भी कि नहीं। उपाध्यक्ष स्मिता गिरी ने कहा कि भिलाई महिला समाज की लंबी यात्रा केवल सामाजिक गतिविधि तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक आंदोलन है। हम आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं की आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर 67 साल से अपने सामाजिक सरोकार के कर्तव्य का निर्हवन कर रहे हैं। अब हमें अपने कार्यों में नवीनता लाकर नई ऊंचाईयों पर संगठन को ले जाने की जरुरत है।

## सेवा और स्वावलंबन के अभियान को बढ़ाने का लिया संकल्प






### इंद्रधनुषी प्रस्तुति से किया विभोर

इस अवसर पर महिला समाज की सदस्यों द्वारा इंद्रधनुषी प्रस्तुति से सभी को भावविभोर किया। स्वागत गीत विश्वजीत सरकार के संगीत निर्देशन में सिंपल, सुनीता, जागेश्वरी संध्या और लीला ने प्रस्तुत किया। इसके बाद कला टिकरिहा, गौरी शर्मा, स्नेहा पाटिल, ललिता, अंजलि,मीनाक्षी व मोहिनी ने अंधकार से प्रकाश की ओर शीर्षक से नयनाभिराम नृत्य से मंत्रमुग्ध किया। विभिन्न क्लबों की सदस्यों ने देशभक्ति, नारी शक्ति और एकता पर केंद्रित नाटिका और समूह नृत्य आदि मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

### सेक्टर 5 क्लब को मिली बेस्ट ट्राफी

पूर्व में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित किया। महिला समाज की उपाध्यक्ष छवि निगम ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और महासचिव सोनाली रथ ने 8 सौ सदस्यों व 10 क्लबों वाले अपने समाज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बाद मुख्य अतिथि ने महिला समाज की पत्रिका का विमोचन किया। उन्हें पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। फिर समाज की पदाधिकारियों ने सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने के लिए महिला समाज के सेक्टर 5 क्लब को बेस्ट ट्राफी व सेक्टर 10 बी क्लब को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। आरंभ में महिला समाज की पदाधिकारियों का बुके से स्वागत दस्ताना इकाई की राजश्री चौधरी, रितिका तिवारी, शिवकुमारी ने किया। बाद भिलाई महिला समाज की दीर्घ सेवा यात्रा पर वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज की इत्तिरा मिश्रा व आशा राय ने किया।



# तहसीलदार की हड़ताल से काम काज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



इन दिनों नवागढ़ तहसील कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा है। तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को नौवें दिन भी रही। इस हड़ताल के कारण तहसील कार्यालय अब केवल एक सूचना केंद्र बनकर रह गया है, जहां लोग आते हैं, जानकारी लेते हैं और निराश होकर लौट जाते हैं।

### छात्रों और किसानों के काम अटके

इस हड़ताल का सबसे ज्यादा असर छात्रों और किसानों पर पड़ रहा है। छात्रों को दाखिले और छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। कई छात्र रोज तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी तरह, किसानों के सीमांकन, भू-सुधार और अतिक्रमण से संबंधित फाइलें भी धूल खा रही हैं। खेतों में काम तो चल रहा है, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी तरह से रुक गई है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

राजस्व अधिकारियों ने अपनी पदोन्नति, वेतन विसंगति और सुरक्षा जैसी मांगों को लेकर यह हड़ताल शुरू की है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार ध्यान नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। तहसील परिसर में वकील, दस्तावेज लेखक और अर्जीनवीस सब मौजूद हैं, लेकिन काम न होने के कारण वे भी खाली बैठे हैं। इस पूरे मामले पर न प्रशासन कुछ बोल रहा है, न सरकार कोई ध्यान दे रही है। ऐसा लगता है जैसे सबको इसकी आदत हो चुकी है। अब सवाल यह उठता है कि अगर यह हड़ताल और लंबी खिंची, तो क्या छात्रों और किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी?

# रिटायर बीएसपी अधिकारी व कर्मियों से आवास खाली करवाकर प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटायर बीएसपी अधिकारियों और कर्मियों के आवासों को खाली कराने के खिलाफ दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। यूनियन के मुताबिक टाउनशिप में कब्जे के चलते एक ओर कई बीएसपी अधिकारी आवास नहीं मिलने के कारण भिलाई निवास में रह रहे हैं और रिटेंशनधारी बीएसपी अधिकारी व कर्मियों से मकान खाली कराए जा रहे हैं वहीं शासन के अधिकारी कब्जे में रह रहे हैं। यदि संयंत्र के कर्मियों अथवा अधिकारियों के रिटेंशन आवास को खाली करवा कर उन आवासों को उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर जल्द ही यूनियन सीजीएम से मिलेगी। बीएसपी कर्मियों अथवा अधिकारियों के कब्जे में रहने वाला आवास अस्थाई कब्जे के दायरे में आता है। यदि एक बार प्रशासनिक अधिकारी के कब्जे में चला गया तो उसे खाली करवा पाना बीएसपी की वश की बात नहीं होगी। सीटू ने कहा कि यदि प्रबंधन इस सूची को सार्वजनिक कर दे कि प्रशासनिक अधिकारियों के नाम से बीएस पी के कितने आवास आवंटित है और कितने समय से आवंटित है तो बात अपने स्पष्ट हो जाएगी।

### भिलाई निवास में रहने अधिकारी मजबूर

यूनियन ने कहा यह प्रबंधन के संज्ञान में है कि बाहर से स्थानांतरित होकर आने वाले मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी को वक्त पर आवास उपलब्ध न होने के कारण भिलाई निवास में रहने मजबूर होते हैं। उसके बाद वे सी-3 टाइप के मकान आवंटित करवा कर उसमें रहने लगते हैं। लेकिन उनको बेहतर आवास देने के लिए कभी भी बीएसपी नगर सेवाएं विभाग की ओर से कोई प्रयास नहीं दिखता है। प्रशासनिक अधिकारी को आवास देने के नाम पर अपने ही संयंत्र में लंबे समय तक सेवा करके सेवानिवृत हुए अधिकारी के रिटेंशन आवास को दलबल के साथ जाकर खाली करवाकर प्रबंधन आखिर क्या साबित करना चाह रहा है।

### कब खाली कराएंगे बत्तीस बंगला आवास

तालपुरी डायरेक्टर बंगला के बाद भिलाई में कोई सबसे बड़े आवास हैं तो वह 32 बंगले में हैं। जहां पर 32 बंगले बने हुए हैं। कभी यह सब बंगले बीएसपी के हुआ करते थे। अब इनमें से एक बंगला छोड़कर बाकी सभी शासन प्रशासन अथवा नेताओं के कब्जे में हैं। सीटू ने कहा कि क्या नगर सेवाएं विभाग कभी इन बंगलों को खाली करवा कर अपने कब्जे में ले पाएगा। यह बंगले जिन भी अधिकारियों नेताओं अथवा कार्यालय के अधीन हैं, नगर सेवाएं विभाग ने उनको आबंटित किया है यदि किया है तो किन नियमों के तहत यह सब संभव हो सका है सार्वजनिक करना चाहिए अन्यथा उन कब्जे वाले बंगलो को खाली करा कर प्रबंधन इन बंगलो का सही उपयोग करना चाहिए।

# बीएसपी जल्द दे क्लीयरेंस सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी की जनरल बॉडी की बैठक इंडियन कॉफ़ी हॉउस मे हुई। बैठक में जून माह का आई आर क्लियरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं हो पाने की समस्या चर्चा हुई। बीएसपी प्रबंदन से जल्द समस्या के निदान की मांग की गई।

- **बीएसपी कांट्रेक्टर वेलफेयर सोसायटी की बैठक**

बैठक में बताये कि ठेकेदारों द्वारा माह जून का वेतन सभी ठेका श्रमिकों को भुगतान करने के बाद ठेकेदार द्वारा आईआर विभाग मे ठेका बिल के भुगतान के लिए आई आर क्लियरन्स सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए वेतन भुगतान सम्बंधित दस्तावेज विभाग को प्रस्तुत करना पड़ता है।

लेकिन बीएसपी प्रबंधन की उदासीनता से दस्तावेज जमा लेने से आई आर विभाग मना कर रहा है। इस कारण जून माह का क्लियरन्स सर्टिफिकेट ठेकेदारों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे अनिवार्य सर्टिफिकेट जमा नहीं कर पाने से इस माह का वेतन भुगतान ठेका श्रमिकों को नहीं हो पाएगा।

बैठक में बताया कि इस माह रक्षा बंधन के अलावा बहुत से त्यौहार है, वेतन ना मिल पाने के कारण ठेकादारों और मजदूरों को दिक्कत होगी। समस्या का निदान नहीं होन से हड़ताल जैसी परस्थिति उत्पन्न हो सकती है। बैठक में सोसायटी के अध्यक्ष सीजू एन्थोनी, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी सिँह, महामंत्री हितेश भाई पटेल, उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, नवीन सिँह, सचिव राजेश अग्रवाल,दुर्गापुर कॉन्ट्रैक्टर एसो. के अध्यक्ष प्रवीर सरकार,एम मोहन, व्ही के बाबू, सुरेन्द्र पाठक आदि उपस्थित थे।

**रक्षा आत्मनिर्भरता को मजबूत किया**

# दुश्मनों से लोहा लेगा सेल के फौलाद से बना जहाज अजय, आईएनएस निस्तार के लिए भी देगा आयरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल ने भारतीय नौसेना के दो महत्वपूर्ण जहाजों, आईएनएस 'अजय' और आईएनएस 'निस्तार' के लिए विशेष इस्पात की आपूर्ति करके देश के रक्षा स्वदेशीकरण प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

- **सेल से बने लोहे की देश-विदेश तक बढ़ रही डिमांड**

दोनों जहाजों में से आईएनएस अजय को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा पिछले जुलाई महीने के दौरान लांच किया गया जबकि आईएनएस निस्तार को भी पिछले जुलाई महीने के दौरान ही हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) द्वारा कमीशन किया गया।

उल्लेखनीय है कि आईएनएस 'अजय' के लिए सेल ने ज़रूरत की पूरी डीएमआर ग्रेड स्टील प्लेट्स की आपूर्ति की है। यह इस उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात पोत की संरचनात्मक मजबूती और स्टील्थ क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण है। आईएनएस 'अजय' गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आठवां और अंतिम स्वदेशी एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है।



### नौसैनिक शक्ति को कर रहा मजबूत

सेल प्रबंधन के मुताबिक भारत की नौसैनिक शक्ति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध सेल राष्ट्रीय रक्षा लक्ष्यों के लिए कंपनी के रणनीतिक सहयोग को दिखाता है। यह आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में सेल की अभिन्न भूमिका को भी रेखांकित कर रहा है। इस्पात के प्रत्येक टन के साथ, सेल भारत की समुद्री तत्परता और रक्षात्मक भरोसे की नींव को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

### है डाइविंग सपोर्ट वेसल

सेल ने आईएनएस निस्तार के लिए भी विशेष ग्रेड प्लेट्स की जरूरत की पूरी मात्रा की सप्लाई की है। आईएनएस निस्तार भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल है। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा कमीशन की गई आईएनएस निस्तार, पनडुब्बी बचाव कार्यों, गहरे समुद्र में गोताखोरी और निरंतर गश्त में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



**खबर संक्षेप**

## उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

**सड़क अतरिया।** सावन के अंतिम दिनों में मौसम में फिर बदलाव देखने मिल रहा है। बीते चार दिन से बारिश नहीं होने से तापमान में वृद्धि हुई है जिससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश थमने के बाद तापमान बढ़ गया है। बिजली की वोल्टेज समस्या के कारण पंखा, कूलर नहीं चल पा रहे है। किसानों ने बताया कि बारिश थमने से खेतों में नमी तेजी से कम हो रही है। मौसम का यही हाल रहा तो फसलों में बीमारी लगने में देर नहीं लगेगी।

## महाकाल की पालकी यात्रा कल बोदेला में

**तुमड़ीबोड़।** महाकाल की पालकी यात्रा आगामी 7 अगस्त को बोदेला, सिवनी खुर्द, पेटेश्री के ग्रामीणों, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला, श्री महाकाल सेना राजनादगांव के तत्वावधान में श्री राम मंदिर पेटेश्री से निकाली जाएगी। यात्रा में आर्केस्ट्रा, राउत नाच, झांकी, अखाड़ा, अघोरी ग्रुप, पंथी नृत्य, सिंघोला की झांझ मंजीरा टीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह यात्रा पेटेश्री श्री राम मंदिर से प्रारंभ होगी। प्रसादी वितरण करते हुए सिवनी खुर्द होते हुए बोदेला पहुंचेगी। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की जाएगी। बोदेला से शोभायात्रा सिवनी खुर्द जाएगी। शीतला मंदिर होते हुए बोदेला मिडिल स्कूल मैदान में महाकाल की भव्य महा आरती की जाएगी। यहां भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस यात्रा में महाकाल मंदिर सिंघोला के पवन डागा, राजू डागा भी शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सेक्टर प्रभारी होंगे नियुक्त

**डोंगरगांव।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस भवन में सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजनों की बैठक आहुत किया गया। बैठक में मंडल कमेटी और सेक्टर प्रभारी का नियुक्ति किया जाना तय किया गया। बैठक में विधायक दलेश्वर साहू, प्रभारी चुम्मन साहू, जिला उपाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, प्रभारी अध्यक्ष गणेश साहू,अखिलेश नखत, सोनुराम साहू, गुलाब वर्मा, मोहन अय्यर, विभा साहू, संध्या साहू, क्रांति बंजारे, विरेंद्र बोरकर, सुयश नाहटा, टिकेश साहू, महेंद्र वैष्णव, रोशन यदु, श्रुति शुक्ला, वैशाली बोरकर, रानी रोशन यदु, सतीश वैष्णव, बलिराम साहू, मुरली निषाद, कमल वैष्णव, सूर्यकांत, संतोष ठाकुर, मयंक यदु, रोशन साहू, संतु यादव, संजय संचेती, रजत साहू, गोल्डी खोबरागड़े, रामकुमार वैष्णव, राकेश साहू, रितेश, पुष्पेंद्र, लिलेश, संदीप रत्नाकर, प्रदीप, कुंभ जोशी, नरेंद्र साहू, अमर चौधरी, रोहित सोनकर,अब्दुल खान आदि शामिल हुए।

## चौबे कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा

**गंडई पंडरिया।** स्व. श्रीदेवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक परिचर्चा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराना और उनके मन में उठने वाले सवालों का समाधान करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग में पिछले वर्ष से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान लागू हो चुके हैं। उन्होंने प्राध्यापकों को निर्देश दिया कि वे छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को इन नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दें और उनकी शंकाओं का निवारण करें। महाविद्यालय के एनएपी प्रभारी टीएल वर्मा ने प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कोर सब्जेक्ट, जेनेरिक इलेक्टिव, वैल्यू एडेड कोर्स, स्किल एनहैंसमेंट कोर्स के साथ-साथ आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. पीके अमिला, सहायक ग्रंथपाल हेमंत मिश्रा, असीत साहू, शिल्पी देवांगन, डॉ. ओमप्रकाश कौशिक, शुभम दुबे, दीपांशु यादव समेत महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव जैन द्वारा किया गया।

**तैयारी**

### सुशासन तिहार के योजनाओं और पंजीयन की प्रगति पर विशेष ध्यान

# 15 अगस्त, रजत जयंती और योजनाओं के क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस की गरिमामयी और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया ।

बैठक में 15 अगस्त की सभी तैयारियों, रजत जयंती वर्ष आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक दायित्वों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को प्रभावशाली और जनभागीदारी से भरपूर बनाया जाए, ताकि नागरिकों विशेषकर युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल हो। 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल एवं 14 अगस्त को सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 और 15 अगस्त की रात सभी शासकीय कार्यालयों में प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। यह आयोजन दो चरणों में होगा–पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक और दूसरा 1 नवम्बर से 6 फरवरी 2026 तक। सभी विभागों को



निर्देशित किया गया है कि वे साप्ताहिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करें और उनमें जनसहभागिता व लोकहित की गतिविधियों को प्रमुखता दें। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को उत्साहपूर्वक, व्यापक स्तर पर और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, पंचायतों, नगरीय निकायों, और सरकारी संस्थानों में झंडावंदन के साथ रैलियों और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया। बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र कृषकों को समय पर लाभ पहुंचाने और कृषक पंजीयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कृषि विभाग को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। पीएम मातृत्व वंदना योजना और वय वंदन योजना की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ वितरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय, विद्यालय, पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थल में अधिकाधिक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मिशन के लक्ष्यों को समयसीमा में पूरा किया जा सके।

### दैनिक कार्यालय अनुशासन और निरीक्षण में सख्ती

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। साथ ही, विद्यालयों, छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों, उचित मूल्य दुकानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। अनुपस्थित या लापरवाह पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**घूमंतु पशुओं पर नियंत्रण के निर्देश– दुर्घटनाओं से बचाव को प्राथमिकता:** सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं की वजह से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों को पशु-मुक्त किया जाए। सभी आवारा पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ले जाकर उनकी निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए।

### ई-ऑफिस और भवन मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधूरे लॉगिन आईडी एवं तकनीकी मुद्दों को तत्काल सुलझाने को कहा। साथ ही, पुराने एवं जर्जर शासकीय भवनों की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी, राजस्व प्रकरणों, पीएम आवास, नक्शा-बटांकन, त्रुटि सुधार, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों के प्रकरण की भी गहन समीक्षा की । संबंधित विभागों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए गए। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी लंबित और अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास पूर्ण नहीं होने या शिकायतों के समाधान में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता मंडावी, एडीएम अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समापन में कहा कि जनहित, अनुशासन और सुशासन ही जिले की प्राथमिकता है, जिसे हर अधिकारी-कर्मचारी को पूरी निष्ठा से निभाना होगा।

## भिंभौरी में सावन मेला महोत्सव का हुआ आयोजन



**बेमेतरा।** नगर पंचायत भिंभौरी के वृंदावन चौक में आयोजित शिव शक्ति युवा सावन मेला महोत्सव 2025 एक भव्य और आकर्षक आयोजन था, जिसमें श्रद्धालुओं और नागरिकों का भारी जनसैलाब उमड़ा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने शिरकत की और आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

इस सांस्कृतिक महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सावन मेला महोत्सव जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सामाजिक समरसता और लोक परंपराओं को सहेजते हैं। शिव भक्तों द्वारा भक्ति गीत और झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध जहां कर दिया वही धार्मिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। इस आयोजन में जनसहभागिता की भावना देखने को मिली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन और नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नगर पंचायत भिंभौरी अध्यक्ष संदीप परगनिहा, उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, पार्षदगण और अन्य गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## नवागढ़ में सूखे का संकट : 80 प्रतिशत जलाशय खाली, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

ब्लॉक में इस साल सावन का महीना सूखा ही बीत गया है। अगस्त का आधा महीना बीत जाने के बाद भी यहां के किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन आसमान से पानी की जगह सिर्फ निराशा ही मिल रही है। जिन खेतों में इस समय धान की फसल लहलहानी चाहिए थी, वहां अब मिट्टी में दरारें पड़ गई हैं और पौधे सूख रहे हैं।

■ खेतों में दरारें हैं, धान की फसल पीली पड़ रही

### जलाशयों में पानी की कमी

जल संसाधन विभाग की 4 अगस्त की रिपोर्ट ने इस गंभीर स्थिति को और भी साफ कर दिया है। नवागढ़ के 25 छोटे जलाशयों में से केवल दो ही 100 प्रतिशत भरे हुए हैं। बाकी 80 प्रतिशत से अधिक जलाशयों में पानी का स्तर 50 प्रतिशत से नीचे है। 14 जलाशयों में तो केवल 25-49 प्रतिशत ही पानी बचा है, और 6 जलाशयों में स्थिति तो और भी बदतर है। इन हालात में न तो फसलों की सिंचाई हो पा रही है और न ही पशुओं के लिए पानी का इंतजाम हो पा रहा है।



**प्रशासनिक उदासीनता से किसानों में गुस्सा:** किसान इस प्राकृतिक आपदा के साथ-साथ सरकारी उदासीनता से भी जूझ रहे हैं। किसान रामेश्वर यादव ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उन्होंने धान की रोपाई तो कर दी थी, लेकिन अब फसल सूखने लगी है और उन्हें केवल रोने के अलावा कुछ नहीं बचा है। किसानों का आरोप है कि अभी तक कोई भी अधिकारी उनके खेतों का हाल जानने नहीं आया है।

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद, अब तक न तो ब्लॉक स्तर पर कोई आपात बैठक हुई है और न ही फसल बीमा सर्वे शुरू किया गया है। किसानों को समझ नहीं आ रहा कि आखिर प्रशासन सूखे को लेकर इतना लापरवाह क्यों है। वे सरकार से जल्द से जल्द राहत कार्यों की शुरुआत करने की मांग कर रहे हैं ताकि उनकी मेहनत और उम्मीदें पूरी तरह खत्म न हों।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तीन नए निक्षय मित्र बने, मरीजों को पोषण आहार वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोरभट्टी में मंगलवार को तीन नए निक्षय मित्र बनाए गए। ये निक्षय मित्र हैं रेखा पात्रे सरपंच ग्राम पंचायत चोरभट्टी, रवि साहू सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम मटका, और किरण सोनी, सैक्टर सुपरवाइजर पीएचसी जेवरा।

तीनों नव नियुक्त निक्षय मित्रों ने तीन क्षय रोगियों को पोषण आहार प्रदान कर उनके इलाज में सहयोग प्रदान किया तथा टीबी के खिलाफ चल रहे अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी आग्रह किया गया कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी उन्मूलन में सहयोग दें। कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन और जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर दिनेश जायसवाल एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गिरधर देवांगन की भूमिका रही।

साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंजू मिरचंडे, स्वास्थ्य संयोजक नीलिमा पांडे, सुनील कुमार पात्रे, संध्या साहू, मितानीन सीता साहू एवं सविता साहू सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणजनों को टीबी के लक्षण, बचाव के उपाय, इलाज की प्रक्रिया और निक्षय मित्र योजना के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे भी आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## नेतृत्व क्षमता छात्र जीवन के हर क्षेत्र में है आवश्यक



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम प्राइमरी स्कूल बेमेतरा में बैच गिविंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका के सभापति विकास तंबोली, वार्ड 21 के पार्षद लक्की साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर प्राइमरी स्कूल के प्रेसिडेंट वन्या तम्बोली और वाईस प्रेसिडेंट जीत साहू को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्लास प्रतिनिधियों का चयन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के सभी क्लास के लिए सीआर का चयन किया गया और उन्हें बैच प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विकास तम्बोली ने बच्चों को नेतृत्व क्षमता के महत्व के बारे में बताया और कहा कि नेतृत्व क्षमता जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को शपथ दिलाई कि वे अपने आसपास सफाई रखें, पानी की बचत करें और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर लगाएं। पार्षद लक्की साहू ने नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को बधाई दी और उन्हें अनुशासन में रहने और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि रविन्द्र तम्बोली ने बच्चों को नेतृत्व क्षमता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें पढ़ाई और खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या अनामिका मेडम ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## छात्रावास अधीक्षिका बारले को दी गई बिदाई

**बेमेतरा/बेरला।** शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बेरला बिदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें वरिष्ठ अधीक्षिका श्रीमती आर. बारले ने अपने सेवाकाल की पूर्णता 31 जुलाई 2025 के पश्चात गरिमामय विदाई के साथ सेवानिवृत्ति ग्रहण की।

वे वर्ष 1989 से जिला बेमेतरा में छात्रावास अधीक्षिका के पद पर पदस्थ थीं और अपने सेवा काल में अनुशासन, स्नेह और समर्पण से छात्राओं के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला। सेवानिवृत्ति अवसर पर एक सादे किन्तु भावुक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बेरला की नई अधीक्षिका सुश्री मंजूषा धनगर को विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, बेरला के अधीक्षक डिकेंद्रकांत वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दोनों छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्राओं एवं छात्रों को स्मृति चिह्न स्वरूप पेन, कॉपी एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया। यह आयोजन आपसी स्नेह, सौहार्द एवं प्रेरणा का प्रतीक बना। वरिष्ठ अधीक्षिका आर. बारले के प्रति छात्रावास परिवार ने आभार प्रकट करते हुए उनके स्वस्थ, सक्रिय एवं सुखद भविष्य की कामना की।



## संयुक्त दल ने नरी हाई स्कूल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल नरी विकासखंड बेमेतरा में पर्यावरण विभाग भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त दल द्वारा प्रातः 11 बजे स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा संस्था के परिसर के साथ साथ 9वी और 10वी के कक्षा में जाकर इको क्लब के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी छात्र छात्राओं से ली गई। जिसमें पर्यावरण और साफ सफाई के महत्व, प्लास्टिक के दुष्परिणाम और उसके विकल्प पर प्रश्नोत्तर और चर्चा कर जानकारी ली गई। तत्पश्चात इको क्लब प्रभारी दुर्गा प्रसाद सोनी से इको क्लब के वर्ष भर के गतिविधियों को पूछकर परिसर का अवलोकन किए। इस दौरान स्कूल में बालकों द्वारा पक्षी संरक्षण के लिए बनाए गए कृत्रिम घोंसले और उनके दाना पानी के लिए रखे सकोरा के बारे में पूछा गया कि क्या इसमें पक्षी घोंसला बनाते है? बालकों ने सकारात्मक उत्तर दिया। मैदान के चारों ओर सुरक्षा जाली में लगे 5 से 10 फीट के बरगद, नीम, अर्जुन, कदम, शीशम, आदि औषधीय व छायादार पौधों को देखकर जानकारी ली। संस्था के प्रभारी प्राचार्य संजय वर्मा व्याख्याता चौवन साहू, उर्वशी साहू, श्रद्धा तिवारी के पर्यावरण पर किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। संस्था में एक पेड़ मां के नाम पर किए गए कार्य को देखा गया। संस्था के द्वारा टीम को भेंट उपहार स्वरूप बरगद का पौधा दिया गया।

### नवागढ़ ब्लॉक के टेमरी गांव में चल रहा राजमिस्त्री प्रशिक्षण

# सपनों का घर बनाने का हुनर सिखा रहा एसबीआई आरसेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले के नवागढ़ ब्लॉक स्थित राज्यपाल रमेन डेका के गोदग्राम टेमरी में 15 जुलाई से 13 अगस्त तक राजमिस्त्री प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एसबीआई आरसेटी बेमेतरा के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को राजमिस्त्री का व्यावसायिक कौशल सिखाने के साथ-साथ बैंकिंग ज्ञान और उद्यमिता विकास की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें।



**आरसेटी की जिले में शुरुआत:** नए जिले के गठन के पश्चात इस वित्तीय वर्ष से ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल पर एसबीआई आरसेटी बेमेतरा की शुरुआत की गई है। यह संस्थान फिलहाल सिमगा रोड स्थित ग्राम चोरभट्ठी के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है। यहां 18 से 45 वर्ष के बीच के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

**70 से अधिक ट्रेड में प्रशिक्षण उपलब्ध:** आरसेटी के तहत लगभग 70 अलग-अलग विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें ब्यूटी पार्लर संचालन, महिला एवं पुरुष सिलाई, मोबाइल व मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, एसी-फ्रिज मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, अगरबत्ती, मोमबत्ती, आचार, बड़ी-पापड़ निर्माण, मछली पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन आदि प्रमुख हैं। इस संस्थान का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### पीएम आवास योजना में मिलेगा कुशल राजमिस्त्रियों का योगदान

जिला पंचायत के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से गांव के युवाओं को निर्माण कार्य का व्यावहारिक ज्ञान मिल रहा है। इससे वे भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कुशल राजमिस्त्री के रूप में अपना योगदान दे सकेंगे। साथ ही यह पहल स्वाभिमान के साथ स्वावलंबन की ओर एक मजबूत कदम साबित होगी। इस प्रकार न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ा रहा है, बल्कि गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

